संत थॉमस स्कूल, धुर्वा,राँची
सत्र - (2021-22)

विषय- हिन्दी   पुस्तक - दिव्य भारती

पाठ-4 कन्याकुमारी चलें
मॉडल उत्तर

शब्दार्थ:-

प्रोग्राम - कार्यक्रम
छोर - अंतिम भाग
मानचित्र - नक्शा
उत्सुकता - व्यग्रता
संगम - मिलन
स्मृति - याद

अभ्यास :-

प्रश्न 1) निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :-

उत्तर (क) कन्याकुमारी भारत के दक्षिण दिशा में है।

उत्तर (ख) कन्याकुमारी में पूर्णिमा के दिन शाम के समय चंद्रमा का उदय तथा सूर्य का अस्त होना एक साथ देखे जा सकते हैं। इसलिए कन्याकुमारी . . में पूर्णिमा का दिन प्रसिद्ध है।

उत्तर (ग) पापा ने बच्चों को मानचित्र पर कन्याकुमारी की स्थिति भारत के दक्षिण दिशा के अंतिम छोर पर दिखाई।

उत्तर (घ) सूर्योदय का अर्थ है - सूर्य का पूरब दिशा में उदित होना और सूर्यास्त का अर्थ है- सूर्य का पश्चिम दिशा में छिप जाना।

उत्तर (ङ) कन्याकुमारी के चार स्मारक निम्नलिखित हैं -
1) विवेकानंद स्मारक 2) गांधी स्मारक
3) कामराज स्मारक 4) संत थिरूवल्लूवर की प्रतिमा

प्रश्न 2) सही विकल्प पर निशान लगाइए-

उत्तर- क) दक्षिण
ख) तीन
ग) 135 फुट

प्रश्न 3) किसने - किससे कहा-

क) "बहुत ठंड लग रही है।"
उत्तर- नेहा ने पापा से कहा।
ख) "वहीं जाने का प्रोग्राम बनाते है।"
उत्तर- पापा ने रजत से कहा।
ग) "यहाँ तीन सागरों का संगम होता है।"
उत्तर- पापा ने बच्चों से कहा।
घ) "दक्षिण भारत तो बहुत है।"
उत्तर- रजत ने पापा से कहा।

अपराजिता हिंदी व्याकरण तथा रचना

पाठ - 3 (शब्द और वाक्य)

अभ्यास :-

प्रश्न 1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्रश्न क) शब्द किसे कहते है ?

उत्तर - वर्णों या ध्वनियों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

प्रश्न ख) शब्द के कितने भेद होते हैं? उदाहरण देकर समझाइए ।

उत्तर - अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं - सार्थक शब्द और निरर्थक शब्द।

सार्थक शब्द- वर्णों के मेल से बने ऐसे शब्द जिनका कोई - ना - कोई अर्थ होता है वे सार्थक शब्द कहलाते हैं। जैसे- घोड़ा, पंखा, लड़का,अकेला आदि।

निरर्थक शब्द- जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं निकलता उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं। जैसे- चाय- वाय ,खाना-वाना ,किताब -विताब आदि।
इसमें वाय,वाना,विताब निरर्थक शब्द हैं।

प्रश्न ग) वाक्य की परिभाषा लिखिए।

उत्तर - शब्दों के सार्थक मेल को वाक्य कहते हैं ।

प्रश्न घ)उद्देश्य किसे कहते हैं?

उत्तर- वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं ।

प्रश्न 2) निम्नलिखित वर्णों को सही क्रम में लगाकर सार्थक शब्द बनाइए:-

उत्तर-

क) पहाड़	ङ) पंखा
ख) सड़क	च) दरवाजा
ग) कागज	छ) धरती
घ) लड़का	ज) कमीज

प्रश्न 3) सार्थक और निरर्थक शब्द छाँटकर लिखिए-

उत्तर-

सार्थक शब्द	निरर्थक शब्द
काला	यगा
अनार	रीकब
आकाश	हमल
हाथी	टटमार
नगर	दामरी

प्रश्न 4) निम्नलिखित शब्द समूह को सही क्रम में रखकर वाक्य पुनः लिखिए-

उत्तर - क)मछली जल की रानी है ।
ख)पापा टीवी देख रहे हैं ।
ग)कुत्ता मेज पर बैठा हुआ है।
घ) दादी जी चाय पी रही हैं ।

प्रश्न 5) निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय को अलग- अलग करके लिखिए-

उत्तर -

उद्देश्य	विधेय
सोहन	पतंग उड़ाता है ।
मोना	गाना गा रही है ।
माँ	कपड़े सुखा रही है।
रविंद्र नाथ टैगोर	गीतांजलि की रचना की।
मेरा भाई	पढ़ने में तेज है।

प्रश्न 6) निम्नलिखित वाक्यों में सही तथा गलत का चिन्ह लगाइए-

उत्तर-क) सही

ख) गलत

ग) गलत

घ) गलत

प्रश्न 7- वाक्य बनाइए।(गृहकार्य)